(15)

भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून
Forest Survey of India, Dehra Dun
डा॰ संख्या / Diary No. 8300
दिनांक / Date 04-08-20

सेवा में

लोक सूचना अधिकारी (PIO)
भारतीय वन सर्वेक्षण, फॉ॰ आई॰ सी॰ ई॰,
कौलागढ़ रोड, देहरादून (उ॰ख॰)
248195

विषय :- सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत निम्न सूचनाएं उपलब्ध करवाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रार्थी उत्तम चन्द ~~[illegible]~~ वा॰ते॰सं॰ P.P.O No 75126190003 4/F981-82 (सेवानिवृत्त) भारतीय वन सर्वेक्षण, कौलागढ़ रोड, देहरादून से 31.01.2019 को सेवा निवृत्त हुआ था। मेरा अर्जित अवकाश का नगदीकरण दिसम्बर, 2018 तक के 9% महंगाई भत्ते के आधार पर गणना करके भुगतान किया गया था, जबकि जनवरी, 2019 से 3% महंगाई भत्ता बढ़ गया था एवं 12% हो चुका है। भुगतान सम्बन्धित कार्यालय आदेश संख्या 5-1/95 प्रशा॰(1) 2204 दिनांक 1 फरवरी 2019 भा॰ व॰ स॰ देहरादून का अवलोकन किया जा सकता है।

प्रार्थी ने जुलाई, 2019 के प्रथम सप्ताह में भी जनवरी, 2019 ~~को~~ बढ़े हुए 3% महंगाई भत्ते के भुगतान के लिये आवेदन किया था लेकिन 1½ साल बीतने पर भी अभी तक अर्जित अवकाश नगदीकरण के 3% के भुगतान पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। यह अन्तर राशि लगभग 19,600/- है।

1. अर्जित अवकाश नगदीकरण राशि के अन्तर का भुगतान करने में कितना समय लगेगा, कब कार्यवाही होगी?
2. इस के विलम्ब के लिये (1½ वर्ष) तक इस राशि के ब्याज की राशि का भुगतान कौन करेगा?
3. इसी तरह की ग्रेच्युटी का भुगतान का अन्तर कब किया जायेगा?

सूचना प्रदान फीस रु॰ 10/- (दस रु॰ मात्र) का भारतीय पोस्टल आर्डर संख्या 49F 772231 सहा॰ लेखा॰ भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून के नाम संलग्न है।

Received on 03/08/2020
[signature] 03/08
O.S. 03/08/2020
Shri Amol

गांव जुकरू, डा॰ पाइसा,
त॰ देहरा जिला कांगड़ा,
(हि॰प्र॰) 177101

भवदीय,
[signature] 24/7/20
उत्तम चन्द (वा॰ते॰सं॰)
सेवा॰नि॰

**RTI Matter**

**Speed post**

संख्या: 13-14/2020-प्रशासन-707

भारत सरकार

भारतीय वन सर्वेक्षण

कौलागढ़ मार्ग, देहरादून ।

दिनांक 22 ~~अगस्त~~ सितम्बर, 2020

सेवा में,

Sh. Uttam Chand,
At-Jukandi, PO- Paisa,
Tehsil- Dehragopipur, Dehragopipur Kangra,
Himachal Pradesh-177101

**Sub:- RTI Application of Sh. Uttam Chand under RTI Act-2005.**

महोदय,

उपरोक्त विषय में आपके दो आर०टी०आई० आवेदन के संदर्भ में आपको यह सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा मांगी गयी सूचना संलग्न की जा रही है। प्रशासन अनुभाग में कर्मचारियों को कोरोना संक्रमण होने की वजह से प्रशासन अनुभाग कार्यालय द्वारा बंद कर दिया गया था जिसके कारण जवाब में विलम्ब हुआ है।

भवदीय,

21/09

(कमल पाण्डेय)

लोक सूचना अधिकारी

संलग्नः- उपरोक्तानुसार (18-20)

प्रेषित
22/9/2020

संख्या 13-14/2019-प्रशासन – 6817

भारत सरकार

भारतीय वन सर्वेक्षण

पो०ओ०-आई०पी०ई०

कौलागढ़ रोड, देहरादून-248195

Forest Survey of India, Dehra Dun
डा० संख्या | Diary No. 8320
दिनांक | Date 14-08-20

दिनांक 10 अगस्त, 2020

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी

भारतीय वन सर्वेक्षण

कौलागढ़ रोड देहरादून ।

**Sub: RTI under the Right to Information Act, 2005.**

संदर्भः- पत्र संख्या 13-14/2020 प्रशासन-6775 दिनांक 05.08.2020

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि श्री उत्तम चन्द, पूर्व व.त.स. के अर्जित अवकाश नगदीकरण राशि एवं ग्रैचुटी के भुगतान के संबंध में पत्र (प्रतिलिपि संलग्न) आगामी कार्यवाही हेतु वेतन एवं लेखा अधिकारी (वन) नई दिल्ली को भेजा जा चुका है।

भवदीय,

सुनील चन्द्र

(डा० सुनील चन्द्र)

उप निदेशक(का० एवं प्र०)

संलग्नः- उपरोक्तानुसार

11/08

O.S. 11/8

Sh. Anand

SPEED POST (19)

संख्याः5-1/95-प्रशासन-(I) -5810
भारत सरकार,
भारतीय वन सर्वेक्षण,
पोस्ट ऑफिस-आई०पी०ई०,कौलागढ़ मार्ग
देहरादून-248195

दिनांक 25 फरवरी, 2020

सेवा में,

वेतन एवं लेखा अधिकारी (वन)
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
7वॉ तल जल खण्ड, इन्दिरा पर्यावरण भवन,
जोर बाग मार्ग, अलीगंज
नई दिल्ली -110003 ।

**विषयः- Revision of Gratuity and Leave Encashment of PPO No. - 751261900034 of Sh. Uttam Chand.**

महोदय,

श्री उत्तम चन्द, व.त.स., इस कार्यालय से दिनांक 31.01.2019 को वरिष्ठ तकनीकी सहायक के पद से सेवानिवृत हुए थे, उन्होंने अपने पत्र द्वारा यह सूचित किया है कि सेवानिवृति के समय डी.ए. 9% की दर से उन्हें gratuity और leave encashment का भुगतान किया गया था। जनवरी, 2019 में डी.ए. में 3% की वृद्धि हुई है। उन्होनें अपने पत्र द्वारा अनुरोध किया है कि डी.ए. की संशोधित दर 12% के अनुसार उनकी gratuity और leave encashment की गणना करके उन्हें अन्तर का भुगतान किया जाए।

इस संबंध में उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदन की मूलप्रति आपके सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु संलग्न की जाती है ।

भवदीय,

संलग्नःउपरोक्तानुसार

(सुशांत शर्मा)
संयुक्त निदेशक (का० एंव प्र०)

प्रतिलिपिः- Sh. Uttam Chand, Ex STA, At-Jukandi, PO- Paisa, Tehsil- Dehragopipur, Dehragopipur Kangra, Himachal Pradesh-177101

(सुशांत शर्मा)
संयुक्त निदेशक (का० एंव प्र०)

उप निदेशक (का० एवं प्रशा०)
भारतीय वन सर्वेक्षण
देहरादून

25/2/2020

**RTI Matter**

भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून
Forest Survey of India, Dehra Dun
Diary No. 4321
Date 14-08-20

संख्या 13-9/2012-प्रशासन - 6821
भारत सरकार
भारतीय वन सर्वेक्षण,
पो0ओ0-आई0पी0ई0, कौलागढ़ रोड,
देहरादून -248 195

दिनांक 10 अगस्त, 2020

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी
भारतीय वन सर्वेक्षण,
देहरदून ।

Sub:- RTI Application under the Right to Information Act, 2005.

महोदय,

उपरोक्त विषय में लोक सूचना अधिकारी, भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून के पत्र संख्या 13-4/2020-प्रशासन -6775 दिनांक 05.08.2020 के सन्दर्भ में श्री उत्तम चन्द, हिमाचल प्रदेश की आर0टी0आई0 आवदेन पत्र के विषय में निम्नलिखित सूचना भेजी जाती है:-

1. भर्ती वर्ष 2019 (Recruitment year 2019) के रिक्त पदों को भर्ती नियम 2018 के अनुसार भरा गया । उक्त भर्ती नियमों के अनुसार, दिनांक 01.01.2019 को पात्र अभ्यार्थियों (eligible candidates) की पदोन्नति हेतु UPSC में दिनांक 03.02.2020 को सम्पन्न हुई DPC की बैठक में विचार किया गया । दिनांक 01.01.2019 को श्री उत्तम चन्द ने वरिष्ठ तकनीकी सहायक के पद पर 08 वर्षो की नियमित सेवा पूरी कर ली थी, अतः उनके नाम का भी उक्त DPC में विचार किया गया तथा DPC द्वारा उनके नाम की अनुसंशा की गई । चूंकि श्री उत्तम चन्द दिनांक 31.01.2019 की अपराह्न को सेवा निवृत्त हो चुके थे अतः उन्हें सहायक निदेशक के पद पर पदोन्नत नही किया गया ।

2. सहायक निदेशक के पदों को भरने में कोई भेदभाव पूर्ण तरीका नहीं अपनाया गया । अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित पद को, अनुसूचित जाति के पात्र व्यक्तियो के उपलब्ध न होने की दशा में, सरकारी आदेशों के अनुसार अन्य तरीके से भरने की कार्यवाही की जाती है ।

भवदीय

(डा0 सुनील चन्द्र)
उप निदेशक (का0 एवं प्र0)